प्राचार्य को क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक ने किया कार्यमुक्त

प्राचार्य अचानक गए अवकाश पर, अब कलेक्टर के पाले में गेंद

नवभारत न्यूज

सिंगरौली, 11 मई। शासकीय राजनारायण स्मृति महाविद्यालय बैढ़न के चर्चित प्राचार्य डॉ. एमयू सिद्धिकी को आज सोमवार को अपराह्न शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद जिला कटनी के लिए क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा रीवा संभाग डॉ. महेन्द्र मणि द्विवेदी ने एकतरफा कार्यमुक्त कर दिया है। हालांकि चर्चा है कि प्राचार्य अचानक अवकाश पर चले गये हैं। अब कलेक्टर के पाले में गेंद है।

गौरतलब है कि शासकीय डिग्री कॉलेज बैढ़न के प्राचार्य डॉ. एमयू सिद्धिकी का तबादला बहोरीबंद कॉलेज के लिए हुआ था। जहां वे उच्च न्यायालय का शरण लिये हुये थे। उच्च न्यायालय के द्वारा उच्च शिक्षा विभाग को तीन सप्ताह के भीतर प्राचार्य के अभ्यावेदन पर निर्णय लेने के लिए निर्देशित किया गया। परंतु सूत्र बताते हैं कि भोपाल में बैठे उच्च विभाग के आकाओं का संरक्षण मिला था, जिसके चलते तीन साल से अधिक समय तक बैढ़न में सेवाएं देते रहे अंततः उच्च शिक्षा विभाग ने प्राचार्य का अभ्यावेदन खारिज कर बैढ़न से बहोरीबंद स्थानांतरण को बरकरार रखा। हालांकि यह आदेश 30 अप्रैल को उच्च शिक्षा

विभाग के द्वारा जारी किया था। परंतु आरोप है कि प्राचार्य उक्त आदेश को दबाकर बैठे थे। अंततः आज क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा रीवा संभाग ने प्राचार्य एमयू सिद्धिकी को कार्यमुक्त करते हुये महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक को कार्यभार सौपने के लिए निर्देशित किया है। इधर चर्चा है कि प्राचार्य अचानक अवकाश पर चले गये हैं। अवकाश किस वजह से लिया है, यह जग जाहिर है। यदि सूत्रों की बात माने तो अपना स्थानांतरण स्थगित कराने के लिए एक अपने चहेते प्राध्यापक के साथ एक मंत्री के सहारे भोपाल में उच्च शिक्षा मंत्री एवं विभागीय दफ्तर में परिक्रमा कर रहे हैं। फिलहाल अब कलेक्टर के ऊपर निर्भर है कि प्राचार्य को बहोरीबंद महाविद्यालय जाने के लिए हरी झण्डी देते हैं कि नही, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

प्राचार्य पर कई गंभीर आरोप

सूत्रों की बात माने तो डिग्री कॉलेज के प्राचार्य पर महाविद्यालयीन समाग्रियों खेलकूद, फर्नीचर, प्रयोगशाला समेत अन्य सामग्रियों के क्रय में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी किये जाने के आरोप है। साथ ही शासकीय महाविद्यालय चितरंगी, सरई में छात्रवृत्ति में घोटला जगजाहिर है। लाखों रूपये की गड़बड़ी हुई। अपनी जवाबदेही न मानते हुये तत्कालीन प्राचार्यो पर आरोप मढ़ दिया। जबकि डीडीईओ पावर प्राचार्य डॉ. एमयू सिद्धिकी के पास ही था। इसके अलावा प्राचार्य पर अन्य कई गंभीर आरोप हैं। बरगवां महाविद्यालय में पदस्थ क्रीडाधिकारी डॉ. विनोद राय ने कहा है कि प्राचार्य के कार्यकाल में जो सामग्री क्रय की गई हैं, उन सभी 9 महाविद्यालयों की उच्च स्तरीय जांच करा दी जाये, सच्चाई अपने आप समाने आ जाएगी।

स्टेट बार के 23 सदस्यों के लिए मतदान आज

प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायधीश मानवेन्द्र सिंह होंगे मुख्य चुनाव अधिकारी

नवभारत न्यूज

सतना, 11 मई. राज्य अधिवक्ता परिषद् के छह वर्षीय चुनाव के लिए जिला अधिवक्ता संघ कार्यालय में मंगलवार को मतदान होगा.स्थानीय स्तर पर मुख्य चुनाव अधिकारी प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायधीश मानवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में तैयारियां पूरी कर ली गई है.

निर्वाचन अधिकारी न्यायधीश भूपेश मिश्रा ने तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि मतदान की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं.न्यायलय परिसर में होने वाले मतदान के लिए सुचारू रूप से मतदान सम्पन्न हो इसके लिए चार मतदान केन्द्र बनाए गए है.जिनमें एक साथ 10-12 लोगों के मतदान की अलग-अलग व्यवस्था की गई है.एक मतदान स्थल से दूसरे मतदान स्थल के बीच पर्याप्त दूरी भी रखी गई है.ताकि मतदान के दौरान किसी प्रकार का व्यवधान न हो.मतदान के लिए सुबह 10 बजे से 5 बजे तक का समय तय किया गया है.श्री मिश्रा ने बताया कि मतदान में सूचीबद्ध सभी 1940 अधिवक्ता मतदान कर सकते हैं.उन्होने यह भी बताया कि सभी मतदाताओं को राज्य अधिवक्ता परिषद् द्वारा जारी परिचय पत्र लाना अनिवार्य होगा.किसी तकनीकि अडचन पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष व सचिव की सहमति मिलने पर मतदान के लिए अधिकृत किया जा सकता है. गौरतलब है कि राज्य अधिवक्ता परिषद् में नए प्रावधानों के तहत कुल 25 सदस्य होंगे.जिसमें से दो महिला सदस्यों को निर्वाचित सदस्यों की सहमति से नामांकित किया जाएगा.शेष 23 सदस्यों को निर्वाचन मतदान के पश्चात होगा.मतदान में हर मतदाता को 5 महिला प्रत्याशियों को चुनना अनिवार्य होगा.शेष में से 18 प्रत्याशी चुने जाएगे.

जिला बार से दो प्रत्याशी, दो का नामांकन रद्द

बताया गया है कि इस बार बढ़ी हुई शुल्क के कारण जिला अधिवक्ता संघ से सिर्फ दो प्रत्याशी मैदान में उतरे हैं .जिसमें महिला प्रत्याशी के रूप में रन्नो रजक तथा वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश द्विवेदी शामिल हैं .इसके अलावा दो प्रबल दावेदारों के नामांकन तकनीकि कमियों के कारण निरस्त कर दिए गए हैं .इसमें पूर्व राज्य अधिवक्ता परिषद् के सदस्य जगन्नाथ त्रिपाठी और अमरपाटन अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रदीप तिवारी शामिल है .

भाषण के शासन की सच्चाई समाने आ गई : पटवारी

कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष ने बताया महिला सुरक्षा के मामले में प्रदेश की स्थिति दयनीय

नवभारत न्यूज

सतना.11 मई. कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने केन्द्र व प्रदेश की सरकारों को अड़े हाथों लेते हुए कहा कि अब भाजपा के नेताओं के भाषणों की सच्चाई अब जनता जान चुकी है.सरकारें की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर रही है.

अल्प प्रवास पर सतना आए कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष श्री पटवारी ने सोमवार को यहां सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान भाजपा ने लाडली बहनों से 3हजार देने और बढ़ी हुई एम एस पी पर किसानों से खरीदी का वादा किया था.सरकार बनने के बाद तीन साल का समय गुजर गया.सरकार ने जनता के किसी भी वादे को पूर नहीं किया.उन्होने एन सी बी के आंकडों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में महिला और बेटियां सुरक्षित नहीं है.देश का 32 प्रतिशत अपराध मध्यप्रदेश में दर्ज हो रहा है.हर दिन 32 बेटियां गायब हो रही है.एक ही दिन में 26 मामले ऐसे दर्ज हो रहे हैं.जिसमें कहीं न कहीं किसी बहन के साथ बदसलूकी हो रही है.श्री पटवारी ने कहा कि ऐसे ज्यादातर मामलों में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्त्ता या नेता की संलिप्तता सामने आ रही है.उन्होने प्रदेश में जंगलराज होने का आरोप लगाते हुए कहा कि कुर्सी में बैठे लोग चिट संस्कृति के अनुसार काम कर रहे हैं.प्रदेश के फैसले ऊपर बैठे लोग ले रहे है.उन्होने कहा कि तमाम तरह की विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उनकी पार्टी नेता और कार्यकर्त्ता विपक्ष की उचित भूमिका निभा रहे है.इस मौके पर काग्रेस जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ कुशवाहा,पूर्व मंत्री सईद अहमद,पूर्व विधायक निलाशु चतुर्वेदी,कल्पना वर्मा व पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप मिश्रा उपस्थिति थे.

सम्भागीय सम्मेलन में राहुल गांधी आएगे

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश के सभी सम्भागों में कार्यकर्त्ता सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया है .इसकी शुरूआत रीवा से होगी,जिसमें लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी भाग लेंगे .इसके बाद जिला स्तर पर भी सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे .जिसकी शुरूआत सतना से होगी .उन्होने बताया कि दायित्वधीन पदाधिकारियों के कार्यों की समीक्षा का काम निरन्तर जारी रहेगा .इसको ब्लाक और मंडल स्तर तक किया जाएगा . ताकि संगठन मजबूत हो सके .

पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों के बीच चले गड़ासे और तलवार

प्रधान आरक्षक की हालत गंभीर, इलाज के लिए भर्ती

नवभारत न्यूज

रीवा, 11 मई, रीवा के पुलिस लाइन में दो पुलिसकर्मियों के बीच तलवार गडासे एवं लाठी डंडों से हुई मारपीट में एक प्रधाना आरक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया. बीती रात तकरीबन 11:30 बजे हुई घटना में मुकेश तिवारी नामक प्रधान आरक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल प्रधान आरक्षक को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

जानकारी के अनुसार पुलिस लाइन निवासी मुकेश तिवारी जो मनगवां थाने

में पदस्थ है हाल में रीवा कोर्ट में ड्यूटी लगी हुई है. बीती रात जब वह अपने घर पहुंचे तो सुरेंद्र पांडे उर्फ मामा से विवाद हो गया. आरोप है कि सुरेंद्र पांडे उर्फ मामा ने अपने बेटे समन पांडे एवं दो अन्य साथियों के साथ मिलकर मुकेश के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया. चीख पुकार सुनकर जब मुकेश तिवारी का परिवार बाहर निकाला तो उसके पुत्र पर भी हमला किया गया. बताया जा रहा है कि सुरेंद्र पांडे हमेशा ही पुलिस लाइन में ड्यूटी करता है और नशा करने के कारण उसके ऊपर कई बार कार्रवाई हो चुकी है.

आरोपी के पुलिसिया रौब की कालोनी में चर्चा

घायल मुकेश तिवारी की पत्नी ने आरोप लगाया कि सुरेंद्र पांडे पुलिस लाइन में आतंक का पर्याय बना हुआ है पुलिस लाइन में हूटर बजाना और गाली गलोज करना आम बात हो चुकी है . फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है .

मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत प्रस्तावित हरिद्वार-ऋषिकेश यात्रा स्थगित

सतना 11 मई. मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत प्रस्तावित हरिद्वार-ऋषिकेश यात्रा अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह यात्रा 11 मई 2026 को प्रस्तावित थी, जिसे अब परिवर्तित कर 3 जुलाई 2026 को आयोजित किया जाएगा। यात्रा के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि भी बढ़ा दी गई है। अब इच्छुक एवं पात्र आवेदक 25 जून 2026 तक आवेदन फार्म जमा कर सकेंगे।

लाल पोटली से मिला बच्चे का कंकाल

तंत्र-मंत्र की आशंका से सहमे ग्रामीण, जांच में जुटी पुलिस

नवभारत न्यूज

सीधी, 11 मई. जिले के भुईमाड़ थाना क्षेत्र के खम्हरिया गांव में एक रहस्यमयी घटना सामने आई है। गांव के बाहर बांस के पेड़ पर लाल कपड़े की पोटली में एक बच्चे का नर कंकाल मिला है।

घटना के बाद ग्रामीणों में तंत्र-मंत्र और जादू-टोने की आशंकाएं बढ़ गई हैं, जिसकी पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है। ग्रामीण सत्य प्रकाश बैगा ने बताया कि रविवार सुबह गांव के कुछ लोगों ने बांस के पेड़ पर एक लाल पोटली देखी। संदिग्ध लगने पर जब ग्रामीणों ने पास जाकर देखा, तो उसके भीतर एक छोटे बच्चे का नर कंकाल मिला। इस जानकारी के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। सत्य प्रकाश बैगा के अनुसार ग्रामीणों में चर्चा है कि यह नर कंकाल संभवतः

उस बच्चे का हो सकता है जिसकी कुछ समय पहले मौत हुई थी और उसे गांव में ही दफनाया गया था। जब ग्रामीणों ने बच्चे के दफन स्थल पर जाकर देखा तो वहां खुदाई के निशान और एक गड्ढा मिला। इससे यह आशंका गहरा गई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने शव को कब्र से निकालकर तंत्र-मंत्र के लिए इस्तेमाल किया होगा। घटना की सूचना मिलने पर भुईमाड़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। खम्हरिया निवासी रायभान सिंह ने पुलिस को बताया कि यह पोटली किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके घर में रख दी थी। परिवार को जानकारी होने पर उन्होंने पोटली को घर से हटाकर बांस के पेड़ पर रख दिया था।

इनका कहना है

मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में दफन स्थल पर खुदाई के निशान मिले हैं। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है और तथ्य सामने आने के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

डीडी सिंह, थाना प्रभारी भुईमाड़

इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर नाबालिग को बिहार ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

जमोड़ी पुलिस ने बालिका को कराया दस्तयाब

नवभारत न्यूज

सीधी, 11 मई. इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर नाबालिग को बिहार ले जाने वाले आरोपी को जमोड़ी पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए बालिका को सकुशल दस्तयाब कराया ।

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार गुमशुदा बच्चों की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में जमो?ी पुलिस ने एक बड़ी सफलता अर्जित की है। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों का उपयोग करते हुए सारण ,बिहार से एक नाबालिग बालिका को सुरक्षित बरामद कर अपहरणकर्ता आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार थाना जमो?ी क्षेत्रांतर्गत माह अप्रैल 2026 में एक नाबालिग बालिका के अचानक लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का प्रकरण पंजीबद्ध कर तलाश शुरू की। विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्यों एवं साइबर सेल की मदद से यह तथ्य प्रकाश में आया कि बालिका की इंस्टाग्राम के माध्यम से एक युवक से दोस्ती हुई थी। आरोपी युवक ने बालिका को अपने जाल में फंसाया और उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ बिहार ले गया था। थाना प्रभारी जमो?ी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने साइबर सेल से प्राप्त लोकेशन के आधार पर तत्काल बिहार के सारण जिले में दबिश दी। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए बालिका को आरोपी के चंगुल से सुरक्षित दस्तयाब किया और आरोपी को हिरासत में लिया। बालिका को वापस सीधी लाकर उसकी विधिवत काउंसलिंग कराई गई, जिसके बाद उसे उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। आरोपी युवक के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही पूर्ण कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। इस जटिल ऑपरेशन और बालिका की सुरक्षित दस्तयाबी में थाना प्रभारी जमो?ी उनि दिव्य प्रकाश त्रिपाठी, उप निरीक्षक वर्षा यादव, सउनि आरडी साकेत, आरक्षक अभिषेक, महिला आरक्षक सविता तथा साइबर सेल सीधी से प्रदीप मिश्रा एवं कृष्ण मुरारी द्विवेदी की मुख्य एवं सराहनीय भूमिका रही।

सड़क हादसे में घायल युवक की मौत, दोस्त पर लगा आरोप

सगरा थाना क्षेत्र लौवा के समीप हुई थी घटना, दोस्त के साथ घर से निकला था युवक

नवभारत न्यूज

रीवा, 11 मई, रीवा के सगरा थाना क्षेत्र में बीते दिवस हुये सडक हादसे घायल युवक उपचार के दौरान मौत हो गई. यहा युवक की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में ही हंगामा खड़ा कर दिया. परिजनों का आरोप था कि साथी युवक के द्वारा ही मृतक के साथ कोई घटना की गई है, फिलहाल इस पूरी घटना की पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है.

जानकारी के मुताबिक 4 मई को 35 वर्षीय मृतक रावेन्द्र सोंधिया अपने परिवार के साथ बैकुंठपुर गया हुआ था, लेकिन वापस आते समय वह परिवार के साथ न आकर पिंटू सोंधिया नामक व्यक्ति के साथ बाइक में सवार होकर निकला था, जो लौवा के समीप दुर्घटना का शिकार हो गया.

फिलहाल गंभीर अवस्था में रावेन्द्र को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिसकी बीती रात मौत हो गई. इस बात को लेकर आज् अस्पताल में ही परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया. परिजनों का आरोप है कि रावेन्द्र के साथ हुई दुर्घटना में उसके साथी की ही साजिश है जिस पर कार्रवाई होनी चाहिए. हालांकि इस घटना को लेकर सगरा पुलिस का कहना है कि बाइक सवार दोनों युवक नशे में थे और राह चलते एक पैदल व्यक्ति को टक्कर मारी और दोनों दुर्घटना का शिकार हो गए, जिसमें उपचार के दौरान रावेन्द्र सोंधिया की मौत हो गई है. फिलहाल परिजनों के द्वारा लगाए जा रहे आरोपो के बीच अब पुलिस के द्वारा घटना से सम्बंधित सभी के बयान दर्ज कर मामले की जाँच शुरु कर दी है.

कंटीले तार में फंसने से युवक की मौत

शराब के नशे में हादसे की आशंका

नवभारत न्यूज

चितरंगी 11 मई। चितरंगी थाना क्षेत्र के खुरमुचा गांव में एक 40 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बलराम कोल उर्फ शिवकुमार कोल पिता रामबचन कोल निवासी खुरमुचा के रूप में हुई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक शनिवार शाम करीब 8 बजे घर से बसाही तरफ गया था। जहां रविवार की शाम मृतक की पत्नी ने परिजनों को सूचना दी कि बलराम कोल गांव के लवकुश द्विवेदी के घर के पास मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, जहां युवक का शव कंटीले तार के पास पड़ा मिला। बताया गया कि मृतक के गले में लाल रंग की साफी फंसी हुई थी तथा साफी का दूसरा सिरा कंटीले तार में उलझा हुआ था। परिजनों ने आशंका जताई है कि बलराम कोल शराब के नशे में कंटीले तार में फंस गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर चितरंगी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी टीआई सुदेश तिवारी के निर्देशन में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

रीवा संभाग ई-ऑफिस में लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान पर

नवभारत न्यूज

रीवा, 11 मई, प्रशासनिक नवाचार के तहत ई आफिस व्यवस्था लागू की गई है.

अब कार्यालयों के अंदर तथा अन्य कार्यालयों में फाइलों का संचालन ऑनलाइन माध्यम से हो रहा है. ई आफिस व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करके रीवा संभाग में संभागीय रैंकिंग में अक्टूबर माह से लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान पर बना हुआ है. इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि रीवा संभाग में कुल 19908 फाइलें ई आफिस में क्रिएट की गईं तथा 76533 फाइलों का मूवमेंट हुआ. प्रदेश में दूसरे स्थान पर नर्मदापुरम संभाग है, जिसमें 6261 फाइलों का क्रिएशन तथा 50127 फाइलों का मूवमेंट हुआ है. तीसरे स्थान पर ग्वालियर संभाग है. इसमें 3242 फाइलों का क्रिएशन तथा 35485 फाइलों का मूवमेंट हुआ है. कमिश्नर ने बताया कि प्रदेश स्तर में संभाग और जिलों की सामूहिक रैंकिंग में सभी जिले और संभाग शामिल किए गए हैं. इनकी कुल संख्या 65 है. इस रैंकिंग में रीवा जिला 14वें स्थान पर है. रीवा जिले में 8216 फाइलें क्रिएट हुई हैं तथा 56296 फाइलों का मूवमेंट हुआ है. रैंकिंग में सिंगरौली जिला 41वें, मऊगंज जिला 51वें, सतना जिला 47वें, सीधी जिला 42वें तथा मैहर जिला 49वें स्थान पर है.

एसपी दफ्तर के सामने महिलाओं ने आपस में की मारपीट

पुलिस ने मौके पर पहुंच किया हस्तक्षेप

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 11 मई। पुलिस अधीक्षक दफ्तर के सामने आज शाम करीब 4 बजे महिलाएं आपस में ही जमकर मारपीट, गुत्थम-गुत्थी करने लगी।

मौके पर सुबेदार आशीष तिवारी समेत अन्य पुलिस कर्मी पहुंच मामले को शांत कराते हुये महिलाओं को कोतवाली भेज दिया। विवाद करने का कारणों का पता नही चला। लेकिन इस दौरान तमाशबिनों की भीड़ लग गई थी। दरअसल एसपी दफ्तर के सामने उस समय

हल्ला-गुहार शुरू हो गया, जब दो महिलाएं आकर तीसरे महिला को तमाचा जड़ते हुये बाल खींच कर जमीन में पटक कर मारने लगी। वहीं महिलाएं बीच बचाव करती, तब तक में कुछ पुरूष भी आ गये। कुछ हाथ चला रहे थे, तो कुछ बचाव कर रहे थे। पता चला कि कुछ कागज फाड़ने को लेकर विवाद बढ़ा। मामला कोतवाली में पहुंचा। हालांकि पहले मारपीट करने वाली महिला वहां से निकल चुकी थी। वहीं महिला पुलिस भी पहुंच बीच बचाव किया।

वन विभाग ने अवैध लकड़ी परिवहन करते दो ट्रैक्टर जब्त किए

आम एवं नीम की लकड़ी बिना टीपी परिवहन करते पाए गए वाहन, वन अपराध प्रकरण दर्ज

नवभारत न्यूज

सीधी, 11 मई. वनमण्डलाधिकारी सीधी के मार्गदर्शन एवं उपवनमण्डलाधिकारी सीधी के नेतृत्व में वन विभाग द्वारा अवैध लकड़ी परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर जप्त किए गए।

कार्रवाई के दौरान दोनों वाहनों में आम एवं नीम की लक?ी बिना टीपी (ट्रांजिट पास) के परिवहन करते हुए पाई गई। वन विभाग की टीम ने जांच के

दौरान लक?ी परिवहन संबंधी आवश्यक दस्तावेज एवं टीपी प्रस्तुत नहीं किए जाने पर दोनों ट्रैक्टरों को जप्त कर लिया। विभाग द्वारा जप्तशुदा वाहनों के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण दर्ज कर लिया गया है तथा मामले की विवेचना की जा रही है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अवैध कटाई एवं अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए जिले में लगातार निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। वन संपदा की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए इस प्रकार के अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वन उपज के परिवहन में निर्धारित नियमों का पालन करें तथा किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल वन विभाग को दें।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99